Name of the event- **एक दिवसीय 'गूगल फैक्ट चेकिंग कार्यशाला' का सफल आयोजन**

Organized by- हिंदी पत्रकारिता विभाग
date – 16 अप्रैल 2021

No. of participant − 100
report of the event

एक दिवसीय 'गूगल फैक्ट चेकिंग कार्यशाला' का सफल आयोजन

श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज के हिंदी एवं हिंदी पत्रकारिता विभाग के द्वारा गूगल न्यूज़ इनिशिएटिव के सहयोग से 16 अप्रैल 2021 को एक दिवसीय 'फैक्ट चेकिंग कार्यशाला' का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षक के तौर पर गूगल न्यूज़ इनिशिएटिव के प्रमाणित प्रशिक्षक निमिष कपूर मौजूद रहे।

इस एक दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत करते हुए निमिष कपूर ने प्रतिभागियों से फर्जी समाचार, तस्वीरें, वीडियो तथा भ्रामक सूचनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही, पत्रकारिता के क्षेत्र में चुनौती बनकर उभर रही फेक न्यूज़ तथा इसके दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। 2 घंटे तक चली इस कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों से जुड़े छात्र-छात्राओं को फेक न्यूज़ को पहचानने, उसे सत्यापित करने तथा गूगल पर उपलब्ध ऑनलाइन टूल्स के द्वारा इस चुनौती का सामना करने के बारे में बताया गया। झूठी एवं भ्रमित करने वाली सूचनाओं को सत्यापित करने के लिए प्रतिभागियों को कुछ सॉफ्टवेयर व उपकरण का ऑनलाइन ही प्रत्यक्ष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यशाला के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र रखे गए जिसमें भ्रामक सूचनाओं को जांचने वाले विभिन्न उपकरणों को लेकर प्रतिभागियों ने निमिष कपूर से खुलकर प्रश्न पूछे। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ दीपमाला ने मुख्य अतिथि वक्ता का धन्यवाद ज्ञापन किया और इसी के साथ इस कार्यशाला का सफल समापन किया गया।